

बाबर आजम पहले स्थान पर

पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम पहले स्थान पर है जबकि इंग्लैंड के डाविड मलान दूसरे नंबर पर हैं। साउथ अफ्रीका के एडन मारक्रम तीसरे और पाकिस्तान के रिजवान चौथे नंबर पर हैं। वह पांचवें नंबर पर थे इस स्थान पर भारतीय ओपनर केएल ने जगह बनाई है। आस्ट्रेलिया के कप्तान फिंच एक पायदान चढ़कर डेवोन कान्वे चौथे नंबर से सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के जोस बटलर आठवें नंबर पर हैं। साउथ अफ्रीका के वान डेर डुरेन 9वें जबकि गुप्टिल 10वें स्थान पर हैं।

## आईसीसी की रैंकिंग में विराट कोहली टाप 10 से हुए बाहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने ताजा टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग जारी की है। आइसीसी टी20 विश्व कप और फिर न्यूजीलैंड के खिलाफ दमदार खेल दिखाने वाले भारतीय ओपनर केएल राहुल को रैंकिंग में फायदा हुआ है। वही विराट कोहली को नुकसान हुआ है और वह टाप 10 बल्लेबाजी रैंकिंग से बाहर हो गए हैं। टी20 बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग में राहुल को एक स्थान का फायदा हुआ है। जबकि पूर्व टी20 कप्तान कोहली लंबे तक टाप 10 में रहने के बाद पहली बार लिस्ट से बाहर हो गए है। टी20 विश्व कप अच्छा खेल दिखाने वाले न्यूजीलैंड के दिग्गज ओपनर मार्टिन गप्टिल और पाकिस्तानी ओपनर मोहम्मद रिजवान की रैंकिंग में उपर चढ़े हैं। अपनी पिछली 5 पारियों में 4 अर्धशतक जमाने वाले राहुल ने एक स्थान उपर चढ़ते हुए पांचवां स्थान हासिल किया है। कोहली पिछले हफ्ते की रैंकिंग में आठवें स्थान पर थे और अब फिसलकर टाप 10 से बाहर होकर 11 नंबर पर पहुंच गए हैं। भारतीय टी20 टीम के कप्तान बनाए गए रोहित शर्मा ने दो पायदान के सुधार के साथ 13वें स्थान पहुंच गए हैं।

## न्यूज डायरी



### साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एंगिडी हुए शिकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एंगिडी कोविड–19 जांच में पॉजिटिव आए हैं जिससे उन्हें नीदरलैंड के खिलाफ शुक्रवार से सेंचुरियन में शुरू हो रही तीन मैचों की घरेलू वनडे सीरीज से बाहर कर दिया गया है। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को यह जानकारी दी। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने एक बयान में कहा कि तेज गेंदबाज जूनियर डाला को एंगिडी के स्थान पर टीम में शामिल किया गया है। सीएसए ने कहा, 'लुंगी एंगिडी को दौरे से बाहर करने के लिए मजबूर होना पड़ा क्योंकि वह कोविड–19 जांच में पॉजिटिव आए हैं। वह ठीक हैं और सीएसए के सरकारी नियमों के अनुरूप बने कोविड–19 प्रोटोकॉल का पालन कर रहे हैं।'एंगिडी जुलाई में आयरलैंड सीरीज के बाद से दक्षिण अफ्रीका के लिए नहीं खेले हैं। वह व्यक्तिगत कारणों से श्रीलंका दौरे पर नहीं गए थे, उन्हें टी20 विश्व कप के लिए टीम में शामिल किया गया था लेकिन वह एक भी मैच में नहीं खेले थे।

### भारत में अलग तरह की चुनौती के लिए तैयार है काइल जैमीसन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कानपुर। विदेशी धरती पर अपना तीसरा टेस्ट मैच खेलने की तैयारियों में लगे न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन इस बात से अच्छी तरह वाकिफ हैं कि भारत में टेस्ट क्रिकेट खेलने की चुनौती स्वदेश में खेलने की तुलना में एकदम भिन्न होगी।भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहला टेस्ट मैच गुरुवार से यहां शुरू होगा। जैमीसन ने टेस्ट क्रिकेट की शानदार शुरुआत की और केवल आठ टेस्ट मैचों में उनके नाम पर 46 विकेट दर्ज हैं। वह राष्ट्रीय टीम के साथ पहली बार भारतीय दौरे पर आये हैं। जैमीसन ने स्टफ.सीओ.एनजेड से कहा, 'मैंने यहां बहुत अधिक क्रिकेट नहीं खेली है। मैंने आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) के पहले चरण में भाग लिया था जो अच्छा रहा, लेकिन यह पूरी तरह से भिन्न होगा।' उन्होंने कहा, 'मेरे साथ यहां वैग्स (नील वैगनर) और टिम्मी (टिम साउदी) हैं इसलिए उनकी राय जानना अच्छा होगा, उनके यहां गेंदबाजी करने के अनुभव को जानना अच्छा होगा।'

### हरमनप्रीत कौर ने आस्ट्रेलिया में दिखाई अपनी ताकत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सिडनी। भारतीय महिला टीम की बल्लेबाज हरमनप्रीत कौर ने आस्ट्रेलिया में इतिहास रच दिया है। मेलबर्न रेनेगेड्स की स्टार खिलाड़ी हरमनप्रीत कौर महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) की प्लेयर आफ द टूर्नामेंट चुनी गई हैं। हरमनप्रीत कौर इस उपलब्धि को हासिल करने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गईं, जबकि फोएबे लिचफील्ड को डब्ल्यूबीबीएल 07 की यंग गन नोमिनेट किया गया है। हरमनप्रीत कौर ने मेलबर्न की टीम के लिए शानदार क्रिकेट खेली और टूर्नामेंट का आनंद लिया। हरमनप्रीत कौर ने न सिर्फ बल्ले से, बल्कि गेंद से भी दमदार प्रदर्शन किया। आलराउंडर हरमनप्रीत कौर ने सीजन का अंत 399 रन के साथ किया, जबकि गेंद से 15 विकेट लेने में भी वे सफल रहीं। यही कारण है कि उनसे ज्यादा रन और विकेट निकालने वाली खिलाड़ी इस पुरस्कार को हासिल नहीं कर पाईं।

### हलाल मीट पर बढ़ा बवाल तो बीसीसीआई ने दी सफाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टीम इंडिया के डाइट प्लान पर बवाल बढ़ता देख बीसीसीआई को सामने आना ही पड़ा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के कोषाध्यक्ष अरुण धूमल ने उन सारी रिपोर्ट्स को नकारा है, जिसमें खिलाड़ियों को सिर्फ हलाल मीट परोसे जाने की बात कही गई थी। धूमल का कहना है कि खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ चाहे जो खाए यह उनकी व्यक्तिगत पसंद का मसला है। बोर्ड ने कभी ऐसी कोई योजना नहीं बनाई। दरअसल, गुरुवार से कानपुर में शुरू हो रहे पहले टेस्ट से पहले टीम इंडिया का कैटरिंग मेन्यू सामने आया था। मेन्यू में खाने की चीजों का बिल्कुल साफ–साफ उल्लेख किया गया है। मेन्यू में स्पष्ट लिखा है कि बीफ और पोक नहीं परोसा जाएगा।

# न्यूजीलैंड को सबक सिखाने की कोशिश करेगी भारतीय टीम

क्रिकेट

## पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म में चल रहे है अंजिक्य रहाणे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कानपुर। कप्तान विराट कोहली और उप कप्तान रोहित शर्मा सहित कुछ शीर्ष खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में भारतीय टीम गुरुवार से यहां शुरू होने वाले पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में दमदार न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदानों पर अपना दबदबा कायम रखने की कोशिश करेगी।

**ऑस्ट्रेलिया से लेनी होगी सीख**

भारतीय टीम की अगुवाई अंजिक्य रहाणे करेंगे जो पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म में चल रहे हैं। उन्हें चोटिल केएल राहुल और विश्राम पर भेजे गये तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की सेवाएं भी नहीं मिलेगी लेकिन रहाणे के नेतृत्व में टीम ने लगभग ऐसी परिस्थितियों में ही ऑस्ट्रेलिया में जीत दर्ज की थी। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया में किए गए उस प्रदर्शन से प्रेरणा लेकर न्यूजीलैंड को कड़ा सबक सिखाने की कोशिश करेगी जिसने इस



साल के शुरू में उसकी विश्व टेस्ट चैंपियन बनने की उम्मीदों पर पानी फेरा था।

**श्रेयस अय्यर करेंगे डेब्यू:** मुंबई के श्रेयस अय्यर को डेब्यू करने का मौका मिलेगा। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने खुद इस पर मुहर लगा दी है। हाल में ऐसा कम देखने को मिला है जबकि भारतीय टेस्ट टीम रोहित और राहुल की सलामी जोड़ी, कप्तान कोहली या मैच विजेता विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के बिना खेली हो।

**बल्लेबाजी को है अनुभव कम:** लेकिन इससे नव नियुक्त मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को दक्षिण अफ्रीका के दौरे से पहले अपने अन्य खिलाड़ियों को आजमाने का मौका भी मिलेगा। बल्लेबाजों में केवल रहाणे, चेतेश्वर पुजारा और मयंक अग्रवाल ने ही 10 से अधिक टेस्ट मैच खेले हैं।

**चल गए अग्रवाल तो राहुल को होगी मुश्किल:** अगर अग्रवाल अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो राहुल के लिए वापसी करना मुश्किल हो सकता है। शुभमन गिल भी अच्छी बल्लेबाजी करते हैं तो दोनों नियमित सलामी बल्लेबाजों की वापसी होने पर टीम प्रबंधन उन्हें मध्यक्रम में उतार सकता है।

**रहाणे को परेशानी:** इस मैच में रहाणे पर सभी की निगाहें टिकी रहेंगी। उन्होंने पिछले 11 टेस्ट मैचों में 19 की औसत से रन बनाए हैं। घरेलू धरती पर दो मैचों में असफल होने पर उनके लिये अगले महीने साउथ अफ्रीका जाने वाली टीम में जगह बनाना मुश्किल हो जाएगा। अभ्यास के दौरान भी रहाणे आत्मविश्वास में नहीं दिखे। ऐसी परिस्थितियों में उन्हें उस टीम का नेतृत्व करना है जिसमें कई स्टार खिलाड़ी नहीं हैं। ऐसे में एक कप्तान और एक बल्लेबाज की अपनी भूमिका के बीच रहाणे कैसे संतुलन बनाते हैं, इससे उनके करियर की आगे की राह भी तय होगी। इशांत शर्मा के लिए भी स्थिति अनुकूल नहीं है।

## श्रेयस अय्यर न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू हो रहे पहले टेस्ट मैच में करेंगे डेब्यू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कानपुर। भारतीय टीम के कार्यवाहक कप्तान अजिंक्य रहाणे ने बुधवार को साफ किया कि श्रेयस अय्यर गुरुवार से न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू हो रहे सीरीज के पहले टेस्ट मैच में डेब्यू करेंगे। भारत और न्यूजीलैंड के बीच सीरीज का पहला मैच 25 नवंबर से कानपुर के ग्रीन पार्क में खेला जाएगा।

भारतीय टीम ने इससे पहले टी20 इंटरनेशनल सीरीज में न्यूजीलैंड को 3–0 से हराया था। रोहित शर्मा इस सीरीज में नहीं खेल रहे हैं और पहले टेस्ट में विराट कोहली आराम कर रहे हैं। ऐसे में भारतीय बल्लेबाजी पहले ही मुश्किल में थी। और मैच से पहले केएल राहुल के चोट के



चलते बाहर होने पर टीम को एक और कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। टीम की बल्लेबाजी की बागडोर अब कप्तान रहाणे और उपकप्तान चेतेश्वर पुजारा के कंधों पर आ गई है।

भारत ने इस सीरीज में ऋषभ पंत, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी को भी आराम दिया है। टीम को सबसे पहले सही संतुलन साधना होगा। कोच राहुल द्रविड़ की निगरानी में यह पहली टेस्ट सीरीज है। भारतीय स्पिन बोलिंग आक्रमण की बात करें तो अक्षर पटेल, रविंद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन टीम के साथ हैं। पेस बोलिंग में ईशांत शर्मा और उमेश यादव को अनुभव के आधार पर टीम में चुना जा सकता है। कानपुर की विकेट पर रिवर्स स्विंग होने की गुंजाइश है और ऐसे में इन दोनों को वहां पर काफी मदद मिल सकती है। पारी की शुरुआत की बात करें तो मयंक अग्रवाल और शुभमन गिल इस भूमिका को निभाते नजर आ सकते हैं। रहाणे और पुजारा के लिए यह सीरीज बहुत अहम हो सकती है। ये दोनों बल्लेबाज खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं और उनकी कोशिश होगी कि घरेलू धरती पर खेली जा रही इस सीरीज से वे रंग में लौटें।

## ऑस्ट्रेलिया बेदाग कप्तान की तलाश में है तो टीम 15 साल तक बिना कप्तान के रहेगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क का मानना है कि अगर देश के क्रिकेट प्रशासक कप्तान नियुक्त करने के लिए किसी ऐसे खिलाड़ी की तलाश में है जिसका रिकॉर्ड बेदाग हो तो फिर ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम अगले 15 साल तक बिना कप्तान के रहेगी।

टिम पेन ने अपनी सहकर्मी को आपत्तिजनक संदेश भेजने का खुलासा होने के बाद कप्तान पद छोड़ दिया था जिसके बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) को नये कप्तान की तलाश है। तेज गेंदबाज पैट कमिन्स कप्तान बनने की दौड़ में सबसे आगे हैं। उनके अलावा पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ भी दौड़ में हैं। क्लार्क ने कहा कि रिकी पॉटिंग भी अपने करियर की गलत शुरुआत के बाद ऑस्ट्रेलिया के सर्वश्रेष्ठ कप्तानों में से एक बने थे। उन्होंने 'बिग स्पोर्ट्स ब्रेकफास्ट' में कहा, 'मेरे समय में यहां तक कि रिकी पॉटिंग बेहतरीन कप्तान रहे हैं। यदि ऐसा मामला होता तो वह कभी ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी नहीं कर पाते।'